ई-मेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांक :–3प/मु0म0नि0यो0–19–43/2019(पार्ट–1)/1500/पं०रा०

बिहार सरकार

पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

**अरविन्द कुमार चौधरी,** भा०प्र०से०
प्रधान सचिव

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक 28/02/2022

**विषय :–** **"बिहार पंचायत आम निर्वाचन–2021" के घोषित निर्वाचन परिणाम के आधारित नवगठित वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष/वार्ड सभा सचिव को निश्चित रूप से दिनांक–28.02.2022 तक प्रभार सौंपे जाने के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **विभागीय पत्रांक–487 दिनांक–21.01.2022, पत्रांक–7219 दिनांक–13.12.2021 एवं पत्रांक–207 दिनांक–07.01.2022**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में प्रासंगिक विभागीय पत्र के माध्यम से आप अवगत है कि "बिहार पंचायत आम निर्वाचन–2021" के घोषित निर्वाचन परिणाम एवं "बिहार वार्ड सभा तथा वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति कार्य संचालन नियमावली, 2017" में वर्णित सुसंगत प्रावधान के तहत दिनांक–15.01.2022 तक वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति का गठन किया जाना था।

ज्ञातव्य है कि विभिन्न विभागीय योजनाओं में वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति को वार्ड स्तर के कई कार्यों के निष्पादन करने का दायित्व सौंपा गया है।

अतः अनुरोध है कि सभी संबंधितों को यथानुरूप निदेशित करते हुए एक माह के अन्दर वार्ड के सभी प्रकार की योजनाओं से संबंधित संचिकाये/पंजी एवं अन्य सभी कागजात के साथ–साथ रोकड़पंजी नवगठित WIMC को हस्तान्तरण करवाना सुनिश्चित किया जाय ताकि उनके द्वारा ससमय वार्ड से संबंधित सभी कार्यों का निष्पादन कराया जा सके।

विश्वासभाजन

26/2/22

(अरविन्द कुमार चौधरी)
प्रधान सचिव

ज्ञापांकः–3प/मु0म0नि0यो0–19–43/2019(पार्ट–1)/1500/पं०रा० पटना, दिनांक 28/02/2022

**प्रतिलिपिः**–सभी मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्/सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/2/22

(अरविन्द कुमार चौधरी)
प्रधान सचिव

F:\Sunil Sir\Sachi Sec-03\2019 sachi\P.K.V\Anil Sir\Letter.docx 765